# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–07.06.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर किसान कल्याण के लिए सरकार की दोहराई प्रतिबद्धता।**
2. **पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने खंडोली पर्यटन स्थल का किया निरीक्षण, कहा–अबुआ सरकार झारखंड में पर्यटन क्षेत्र को नए आयाम देने में जुटी।**
3. **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कोडरमा में भाजपा के नए जिला कार्यालय का किया भूमि पूजन, राज्य सरकार पर बोला हमला, कांग्रेस प्रभारी का आज से छह दिवसीय झारखंड दौरा।**
4. **झारखंड समेत देशभर में धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।**
5. **भारतीय वॉलीबॉल महासंघ का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज कार्यकारी समिति के सदस्य निर्वाचित।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीए सरकार के केन्द्र में ग्यारह वर्ष पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ।

*******************

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है, भारतीय किसानों के सशक्तिकरण पर यह रिपोर्ट–

*******************

किसानों के कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की ओर से चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। गिरिडीह के किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहते हैं कि यह पहली सरकार है जो किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम कर रही है।

*******************

पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज गिरिडीह जिले के खंडोली पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस खूबसूरत पर्यटन स्थल को आधुनिक और आकर्षक पर्यटक केंद्र के रुप में विकसित करने की दिशा में जल्द कार्य शुरु किए जाएंगे। श्री कुमार ने कहा कि अबुआ सरकार झारखंड में पर्यटन क्षेत्र को नए आयाम देने में जुटी है।

*******************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार दिया है। श्री मरांडी ने कोडरमा में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हेमंत सोरेन अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए पुलिस महानिदेशक को जबरदस्ती पद पर बैठाये हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर उठाया जा रहे सवालों के जवाब में कहा कि ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस पाकिस्तान का एजेंट बनकर काम कर रही है।

**साउंड बाईट––बाबूलाल, डीजीपी––35 सेकेंड**

इससे पहले श्री मरांडी कोडरमा के दूधीमाटी में भाजपा के जिला कार्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ नीरा यादव और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

*******************

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के0 राजू झारखंड के छह दिवसीय दौरे पर आज शाम रांची आयेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि प्रदेश प्रभारी ग्यारह जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रभारी बारह जून को हैदराबाद के लिए रवाना हो जायेंगे।

*******************

विकसित कृषि संकल्प अभियान कृषि प्रक्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है। इसी के तहत रामगढ़ जिले में भी किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता——

*******************

रांची के सुखदेवनगर थानाक्षेत्र से पुलिस ने हथियारों की अवैध खरीद–बिक्री के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। रांची के वरीय पुलिस अधिकारी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि दोनों युवकों की गिरफ्तारी पहाड़ी मंदिर के पास से हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवकों के पास से दो पिस्टल, एक कट्टा, पांच कारतूस, दो स्मार्टफोन, सात हजार दो सौ रूपये नकद और एक दोपहिया वाहन बरामद किया गया है।

*******************

गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जीत वाहन उरांव ने बताया कि गिरफ्तार युवक के पास से एक कट्टा, गोली और मोबाइल बरामद किया गया है।

*******************

झारखंड समेत देशभर में आज कुर्बानी का पर्व ईद–उल–अजहा धार्मिक उत्साह से मनाया गया। राजधानी रांची समेत राज्य के सभी जिलों में लोगों ने आज सवेरे मस्जिदों और ईदगाहों बकरीद की नमाज अदा की और एक दूसरे को बधाई दी। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत तमाम नेताओं ने बकरीद पर देशवासियों को बधाई दी। बकरीद को लेकर राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

*******************

भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के चुनाव में झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज ने कार्यकारी समिति सदस्य पद पर विजयी होकर राज्य का गौरव बढ़ाया है। न्यायालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों की निगरानी में यह चुनाव शांतिपूर्वक और नियमों के अनुरूप सम्पन्न हुआ।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में अगले तीन दिनों के दौरान गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के अनुसार कल राज्य के पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। नौ जून को उत्तर पश्चिमी भाग को छोड़कर शेष भागों में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है।

***************